# अपडेट: नया ऑर्डर और पुराने ऑर्डर्स

इंड्यूर प्राइवेट लिमिटेड ने मुजफ्फरपुर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए हम पर डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग (निर्माण), परीक्षण/ निरीक्षण, आपूर्ति, लोडिंग, पैकेजिंग एवं फोर्वडिंग (अग्रेशण), परिवहन, अनलोडिंग, साइट पर भंडारण, स्थापना, कमिशनिंग वेगन टिप्पलर्स, साइड-आर्म चार्जर्स, इलेक्ट्रिकल एवं पीएलसी के साथ एप्रोन फीडर्स प्रत्येक के दो सेट, रिंग ग्रैन्युलेटर्स (चार सेट), वाइब्रेटिंग ग्रिजली फीडर्स (चार सेट), मोटर चालित ट्रैवलिंग ट्रिपर्स (दो सेट), आइडलर्स एवं पुली (एक लॉट) सहित सभी सहायक उपकरणों तथा संपूर्ण अनिवार्य पूर्जो की पीजी टेस्टिंग के लिए एक आशय पत्र दिया है।



माननीय केन्द्रीय मंत्री, परिवहन एवं शिपिंग श्री नितिन एम गडकरी ने 1 दिसंबर 2015 को कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स में टीआरएफ स्टैकर सह रिक्लेमर का औपचारिक उद्घाटन किया। कोल के स्टैकिंग एवं रिक्लेमिंग दोनों के लिए इस स्टैकर रिक्लेमर की क्षमता 1500 टीपीएच है।

**ऐतिहासिक उपलब्धि !!!**

एनटीपीएल तथा एनटीईसीएल ने क्रमश: अपने दो और एक 2000 टीपीएच शिप अनलोडर्स के लिए ट्रायल ऑपरेशन सर्टिफिकेट (टीओसी) जारी किया है, जिसकी आपूर्ति टीआरएफ द्वारा दिसम्बर 2015 में की गई थी। टीआरएफ ने पहली बार इस आकार और क्षमता के शिप अनलोडर्स को डिजाइन, निर्माण और सफलतापूर्वक स्थापित किया है। एनटीपीएल द्वारा जारी टीओसी, प्रोविजनल टेक ओवर सर्टिफिकेट को जारी करने और बदले में टीआरएफ द्वारा ओ ऐंड एम अनुबंध के कार्यान्वयन की योग्यता रखता है।

